## धर्म परिवर्तन कराने व विरोध करने पर मारपीट करने के आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**मैहर 27 अक्टूबर, जबरन धर्म परिवर्तन कराने एवं विरोध करने पर मारपीट करने वाले पांचों आरोपियों को मैहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 26/ 10/ 25 को देवधरा तालाब मैहर निवासी द्वारा थाना मैहर में रिपोर्ट कराई गई कि देवधरा मोहल्ला वार्ड नंबर 19 में लक्ष्मी शर्मा के घर में शैलेंद्र बंसल ,योगेश साकेत ,रामराज कुशवाहा, लक्ष्मी शर्मा एवं सविता विश्वकर्मा के द्वारा लडकियों एवं महिलाओ को हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तन करने हेतु प्रलोभन देकर जबरन धर्म परिवर्तन कराया



जा रहा है एवं कुछ लोगों ने विरोध किया तो उक्त पांचो व्यक्ति एक जुट होकर मारपीट पर उतारू हो गए। सूचना पर मैहर पुलिस ने अपराध दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।उक्त लक्ष्मी शर्मा पति स्वर्गीय सुरेश शर्मा 45 वर्ष निवासी देवधरा तालाब के पास , सविता विश्वकर्मा पति पिंटू उर्फ धनीराम विश्वकर्मा उम्र 40 निवासी देवधरा तालाब के पास थाना कोतवाली मैहर,रामराज कुशवाहा पीतल अल्लाह कुशवाहा 45 वर्ष निवासी कुसली थाना उचेहरा जिला सतना , शैलेंद्र बंसल पिता नंदकिशोर बंसल उम्र 29 वर्ष निवासी शिव कॉलोनी सरला नगर थाना कोतवाली मैहर एवं योगेंद्र साकेत उर्फ अजय पिता राजकुमार साकेत उम्र 35 वर्ष निवासी नई बस्ती बड़ा पत्थर रांझी थाना रांझी जिला जबलपुर पांचो आरोपियों के विरुद्ध धारा 115(2) बीएनएस , 3/5 मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021, 3(1)(सी) एससी एसटी एक्ट कायम किया गया है ।

इस कार्रवाई में निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी, उप निरीक्षक सुरेश सिंह प्रधान आर, रविंद्र दोहरे विपिन सोधिया जय बागरी आरक्षक राजेंद्र सिंह शिवम तिवारी आशुतोष यादव महिला आर, अलका तिवारी रेनू त्रिपाठी की भूमिका सराहनीय रही।

### रंगदारी ना देने पर मारपीट करने वाले पहुंचे जेल

**मैहर।** मैहर कोतवाली अंतर्गत सतना रोड मैहर में आवेदक से सागर चौरसिया पिता घनश्याम उम्र 28 एवं राहुल पिता महानिधि चौरसियां उम्र 28 दोनों पता चौरसिया मोहल्ला कोतवाली मैहर द्वारा रंगदारी की मांग कर नहीं देने पर गंदी-गंदी गालियां एवं जान से मारने की धमकी दे रहे थे जिस पर आवेदक द्वारा रिपोर्ट कोतवाली मैहर में की आवेदक की रिपोर्ट अपराध धारा 296,115(2), 119(1), 351(3), 3/5 बीएनएस कायम किया गया आरोपियों को आज गिरफ्तार किया गया जिसे आज न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में उप जेल मैहर भेजा गया।



## एटीएम फ्राड गिरोह के तीन आरोपी भेजे गये जेल

▸ एटीएम बूथ के अंदर मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर करते थे ठगी

नवभारत न्यूज


**मैहर 27 अक्टूबर, एटीएम बूथ के अंदर मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले फ्राड गिरोह के तीन आरोपियों को मैहर पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।**

पुलिस के अनुसार दिनांक 27.07.2025 को फरियादी ने सेन्ट्रल बैंक एटीएम मैहर के बूथ से पैसा निकालने के दौरान एक व्यक्ति के द्वारा पैसा निकालने में मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड छल पूर्वक बदलकर फरियादी के खाते से 7 हजार रुपये आहरित कर लिया जिसकी रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मैहर में अपराध धारा 318(4) बीएनएस पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी इस दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि तीन संदिग्ध व्यक्ति एटीएम बूथ के आसपास चक्कर लगा रहे हैं जिसकी सूचना पर तीनों संदिग्धों को अभिरक्षा में लेकर पूंछताछ की गई जिन्होंने मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर फ्राड करने की घटना को स्वीकार किये तथा पुन: घटना की पुनरावृत्ति करने की फिराक में थे जिन्हें गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से 05 नग अलग अलग बैंक के एटीएम / क्रेडिट कार्ड जप्त किये गये हैं तथा आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में सोम कमल सोनी पिता वंशीधर सोनी उम्र 23 वर्ष निवासी देवेन्द्रनगर जिला पन्ना , शिवा सोनी पिता वंशीधर सोनी उम्र 19 वर्ष निवासी देवेन्द्रनगर जिला पन्ना, राजासाहब ठाकुर पिता अर्जुन सिंह परमार 20 वर्ष निवासी सारंगपुर थाना बृजपुर जिला पन्ना को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सोम कमल सोनी पूर्व में भी एटीएम फ्राड के थाना मैहर, नागौद एवं जिला पन्ना के मामलों में जेल जा चुका है। इसके अतिरिक्त दोनों अन्य आरोपियों के आपराधिक रिकार्ड के संबंध में भी दीगर जिलों से जानकारी प्राप्त की जा रही है ।

इस कार्यवाही में निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी, उनि कुलदीप पटेल, सउनि नेक सिंह, आर. आशुतोष यादव, हिमांशु साकेत, श्यामसुंदर कुशवाहा, संदीप सिंह, सुशील दिवेदी की सराहनीय भूमिका रही ।

### मैहर एसपी ने अपराध समीक्षा बैठक

पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह द्वारा जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की गई। एवम लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में एएसपी डॉ चंचल नागर , सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान , एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा जिले के समस्त थाना प्रभारी चौकी प्रभारी समस्त शाखाओं के प्रभारी बैठक में उपस्थित रहे।





## समिति प्रबंधक ने किया किसान के साथ दुर्व्यवहार, वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

**नागौद 27 अक्टूबर,सेवा सहकारी समिति अमकुई में किसान के साथ दुर्व्यवहार की खबर है, किसान बीमा राशि की जानकारी मांगने पर विवाद हो गया।**

जिला सतना की सेवा सहकारी समिति अमकुई के समिति प्रबंधक सुरेंद्र सिंह बघेल से किसान ने अपने खाते की जानकारी 4 माह से मांग रहा है लेकिन प्रबंधक जानकारी देने की जगह किसान के दुर्व्यवहार कर धमकी देने लगे हैं इस कारण दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। जिसका वीडियो वायरल है।

## तीसरे दिन टीडी एवं टीआरएस ने जीते अपने-अपने मैच

▸ छठवीं अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति केपीएल क्रिकेट लीग

नवभारत न्यूज

**कोठी 27 अक्टूबर,इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर कोठी के खेल मैदान में जारी अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति कोठी प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन दो मैच खेले गए जिसमें पहला मैच डी टीडी एवं एसएच 11 के मध्य खेला गया जिसमें टीडी एवं टीआरएस ने अपने-अपने मैच में जीत दर्ज की ।**



इसके पूर्व पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएच 11 की टीम ने टीआरएस की टीम को जीत के लिए 146 रनों का लक्ष्य दिया, लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीडी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट से मैच जीत लिया, मैच में प्रियांश त्रिवेदी को शानदार खेल के प्रदर्शन पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया । दूसरा मैच टीआरएस एवं केजीएन के मध्य खेला गया जिसमें केजीएन की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए की टीम ने विपक्षी टीम को 146 रनों का लक्ष्य दिया ,146 रनों का पीछा करने उतरी टीआरएस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार विकेट से मैच जीत लिया ,इस मैच में दीप नारायण सिंह झब्बू को बेहतर प्रदर्शन की बदौलत मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया। आज के मैच के दौरान आयोजन समिति के सचिव हाजी मोहम्मद इकराम व अन्य सदस्य मौजूद रहकर मैच के दौरान सभी व्यवस्थाएं देखीं।

### जनपद कार्यालय रामनगर में विकास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक



**रामनगर।** जनपद पंचायत कार्यालय रामनगर में जनपद सीईओ मुन्नीलाल प्रजापति ने विकास कार्यों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की ।बैठक में ब्लॉक भर की ग्राम पंचायतो में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।सीईओ ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाशत नहीं की जाएगी। आमजन की सुविधा और हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करने पर विशेष बल दिया गया।बैठक में उपयंत्री, सहायक यंत्री, सचिव, रोजगार सहायक सहित संबंधित स्टाफ उपस्थित रहा।

## छ : गांवों को रीवा जिले में जोड़ने जन जागरण अभियान की हुई जनसभा

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 27 अक्टूबर, मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति मुकुंदपुर द्वारा जन जागरण अभियान के तहत ग्राम पंचायत आनंदगढ़ में जनसभा का आयोजन किया गया।**

मैहर जिले के अमरपाटन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मुकुंदपुर,परसिया,आमिन, धोबहट,आनंदगढ़ एवं पपरा को मैहर जिले से पृथक कर रीवा जिले में सम्मिलित किए जाने हेतु मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति मुकुंदपुर द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार कि प्रत्येक रविवार को उक्त 6 ग्राम पंचायतो में से किसी एक ग्राम पंचायत में जन जागरण अभियान के तहत आवश्यक बैठक एवं जन सभा का आयोजन





किया जाएगा ! जिसके तहत विगत दिवस ग्राम पंचायत आनंदगढ़ में विशेष जन सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी 6 ग्राम पंचायतो से आए हुए संघर्ष समिति के जुझारू पदाधिकारी गण एवं काफी तादात में उपस्थित समस्त ग्रामीण जनों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी के द्वारा यही कहा गया कि हम लोगों को रीवा जिले में जुड़ने से हर प्रकार से फायदा ही फायदा है, क्योंकि मैहर की दूरी 90 से 95 किलोमीटर जबकि रीवा की दूरी मात्र 15 से 20 किलोमीटर है, जिसमें खर्च और समय की बचत होगी रीवा में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है,चाहे तहसील, कलेक्ट्रेट,संभागीय कार्यालय अथवा अस्पताल हो कॉलेज हो हर दृष्टिकोण से रीवा सहज सरल एवं सुविधाजनक है । वक्ताओं द्वारा यह भी बताया गया कि मध्य प्रदेश की स्थापना 1956 के पूर्व जब विंध्यप्रदेश था,उस समय रीवा की उप राजधानी एवं तहसील आनंदगढ़ को बनाया गया था ! तथा देश की आजादी के बाद पहली बार 1952 मे विधानसभा चुनाव संपन्न कराए गए थे,उस समय मुकुंदपुर को विधानसभा क्षेत्र बनाया गया था ! उस समय उक्त सभी 6 ग्राम पंचायते रीवा जिले का हिस्सा हुआ करती थी ।आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशलेंद्र शरण शुक्ला अध्यक्ष मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति मुकुंदपुर के द्वारा की गई ,जिसमें उपस्थित अन्य अतिथि गण राजमणि सिंह एडवोकेट सचिव, विनोद कुमार पांडे, शैलेंद्र सिंह, मृत्युंजय द्विवेदी उपाध्यक्ष, मिजाजी लाल तिवारी संरक्षक, चंडिकेश्वर सिंह तिवारी कोषाध्यक्ष, कमलाकर पांडे संरक्षक सदस्य आलोक पांडे, महेंद्र त्रिपाठी,उदित पयासी, रामनिवास यादव,राम विश्वास सिंह,रामनरेश साहू सरपंच प्रतिनिधि, मोहनलाल सोंधिया, सूर्यबली सेन,रामबली पाव,राम प्रसाद यादव श्रीमती शांति वर्मा,श्रीमती रामरती केवट,तारा दत्त त्रिपाठी,राम जियावन साहू,महेंद्र यादव, काशी पाव,राम लखन यादव,सत्येंद्र कुमार तिवारी,राम कलेश यादव सहित काफी तादात में ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन कुंज बिहारी मिश्रा सलाहकार मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति मुकुंदपुर के द्वारा किया गया । उपस्थित सभी लोगों के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक हमारी सभी 6 ग्राम पंचायतो को मैहर जिले से काटकर रीवा जिले में नहीं जोड़ा जाता तब तक अनवरत संघर्ष जारी रहेगा जरूरत पड़ने पर उग्र आंदोलन आमरण अनशन,चक्का जाम एवं रेल रोको आंदोलन भी किए जा सकते हैं

## किसानों की किस्मत बदलेगी प्राकृतिक खेती : डॉ वेदप्रकाश

▸ बिहरा में लगी कृषि पाठशाला

नवभारत न्यूज

**कोटर 27 अक्टूबर, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फॉर्मिंग के तहत बिहरा में आयोजित की गई।**

कृषि पाठशाला में डॉ वेदप्रकाश सिंह ने किसानों को बताया कि रसायन मुक्त खेती करके जमीन को बंजर होने के साथ साथ शरीर को स्वस्थ व रोग मुक्त जीवन करे व पर्यावरण के अनुकूल खेती से उत्पादन भी पर्याप्त ले ।

**बिहरा बनेगा जैविक खेती का हब-** जलज फूटा बाबा कास्टम हायरिंग केंद्र के संचालक व बिहरा के युवा किसान ने कहा कि अपने गांव को हम जैविक खेती करने के




लिए किसानों को प्रेरित कर जैविक हब बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। किसानों रसायन मुक्त खेती से निकाल कर जैविक खेती के लिए सामूहिक प्रयास कर खेतों को बंजर होने से बचाकर खेती में लगत कम करके ज्यादा मुनाफा की ओर ले जायेंगे ।कृषि पाठशाला में प्रमुख रूप से दीक्षा सिंह बघेल सहायक तकनीकी प्रबंधक व सेजल मिश्रा सहायक तकनीकी प्रबंधक डॉ वेदप्रकाश सिंह कृषि बैज्ञानिक कृषक पंकज द्विवेदी राजभान सिंह सत्यभान सिंह शैलेंड सिंह रामकिशोर सिंह रामभूषण द्विवेदी अरुणेंद्र शेखर शर्मा रत्नेश त्रिपाठी राकेश सिंह नितेश सिंह जग्गू सिंह पप्पू तिवारी जितेंद्र पांडे बहोंरी हरिजन लखन आदिवासी भीम सिंह वीरेंद्र पाण्डेय सर्वेश सिंह गोरे आदिवासी रामू आदिवासी सत्यम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## रवि प्रताप सिंह उर्फ विनय सिंह का निधन

नवभारत न्यूज

**नागौद 27 अक्टूबर, सिंहपुर रोड में स्थित समीपी ग्राम बरा ( अमिलिया ) निवासी रवि प्रताप सिंह उर्फ विनय सिंह पिता रावेन्द्र सिंह उम्र 50 वर्ष का कल सिवनी के पास आकस्मिक निधन हो गया है।उनके 2 पुत्र पार्थ सिंह, सिद्धार्थ सिंह हैं।**

पारिवारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार विनय सिंह की तबीयत दीपावली के त्योहार के समय थोड़ा खराब हुई थी जिसका प्राथमिक उपचार नागौद में कराया गया था, इसके बाद उन्हें पूजा हॉस्पिटल सतना ले जाकर दो दिवस तक इलाज कराया गया।स्वास्थ्य में सुधार न होने के कारण चिकित्सक की सलाह पर उन्हें जबलपुर के आशीष हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया परंतु वहां भी आवश्यक सुधार नहीं होने के कारण परिजनों ने उन्हें नागपुर ले जाने के लिए




प्रयास किया,लेकिन जबलपुर से आगे रास्ते में ही सिवनी के पास उन्होंने अंतिम सांस लेकर इस दुनिया को अलविदा कह दिया। यह जानकारी मिली है कि प्रारंभिक ईलाज के समय उन्हें किडनी में कुछ तकलीफ महसूस हो रही थी। उनका पार्थिव शरीर बीती रात्रि में नागौद लाया गया है जिनका अंतिम संस्कार किया गया। वे इस क्षेत्र के काफी मिलनसार और प्रतिष्ठित व्यक्ति विनय सिंह की मौत की खबर सुनकर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई जिसने भी सुना संवेदना व्यक्त करने उनके निवास स्थान पहुंच गया।

## चित्रकूट के मऊ में हुआ श्री खाटू श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 27अक्टूबर, जिले के नगर पंचायत मऊ मे श्री खाटू श्याम महोत्सव एवं अरदास श्री श्याम निशान यात्रा का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मऊ-मानिकपुर विधायक प्रतिनिधि विकास द्विवेदी पिंटू भैया एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, व्यापारी विश्वनाथ केसरवानी, मोहम्मद नईम बहादुर ,प्रभाकर सिंह एवं व्यापार मंडल के अध्यक्ष षारदा अग्रहरि सहित सैकडों श्याम भक्त मौजूद रहे।**

इस दौरान बाबा खाटू श्याम के दर्शनों के लिए उमडे सैकडों श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया। पूजा अर्चना के बाद बाबा खाटू श्याम की ज्योति प्रज्वलित



की गई। विधायक प्रतिनिधि विकास द्विवेदी पिंटू भैया एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने कहा कि बाबा खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है। खाटू श्याम का मंदिर राजस्थान के खाटू गांव में स्थित है।बाबा के दर्शन के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। कहा जाता है कि मंदिर में महान योद्धा बर्बरीक का सिर है. बर्बरीक ने कुरुक्षेत्र युद्ध के दौरान श्री कृष्ण के कहने पर अपना सिर कटवा दिया था। जिससे श्री कृष्ण ने उनको श्याम नाम से पूजित होने का आशीर्वाद दिया था। भजन गायकों ने बाबा खाटू श्याम का गुणगान किया। इसी बीच बाबा खाटू श्याम के भक्त झूमते नजर आए. बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर रहे भक्तों को श्री ष्ष्याम परिवार द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया.

## नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 30 को बिहटा में

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 27 अक्टूबर,** बिहटा में काकी फाउंडेशन लोहरौरा द्वारा सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के सहयोग से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 30 को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रकार के नेत्र रोगों की जांच विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी तथा आवश्यक नि: शुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण के लिए चित्रकूट भेजा जाएगा और ठीक होने के बाद उन्हें वापस भेज दिया जाएगा। अन्य मरीजों को शिविर में रियायती दर के चश्में भी उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर में आधार कार्ड की प्रति लाना अनिवार्य है।

### स्व . राजा उमा रमण प्रताप बहादुर सिंह की मूर्ति का अनावरण कल

**कोठी।** स्व . राजा उमारमण प्रताप बहादुर सिंह के 132 वें अवतरण दिवस के अवसर पर उनकी मूर्ति अनावरण किया जाएगा । कोठी के सोनौर स्थित स्वर्गीय राजा उमारमण महाविद्यालय के प्रांगण में मूर्ति का अनावरण मां शारदा शक्तिपीठ मैहर धाम के प्रधान पुजारी पवन महाराज के कर कमलों द्वारा बुधवार 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे संपन्न होगा। महाविद्यालय के संस्थापक प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश राजभवन जामो के एमएलसी एवं पूर्व सांसद अक्षय प्रताप सिंह गोपाल , महाविद्यालय के अध्यक्ष अभय सिंह रोली भैया एवं महाविद्यालय के प्रबंधक मनीष सिंह बड़ौर ने सभी क्षेत्रवासियों से मूर्ति अनावरण के आयोजन में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए जाने का आग्रह किया है

## रामलीला समापन के दूसरे दिन नृत्य संगीत एवं नाटक ने बांधा समां

नवभारत न्यूज

**कोठी 27 अक्टूबर, रामलीला समापन के बाद स्थानीय लोगों की मांग पर रामलीला मंडली ने एक दिन और रुक कर नगर वासियों को आनंद प्रदान किया ।**

मंडली के महंत और अन्य कलाकारों ने शानदार अभिनय के साथ नाटक प्रस्तुत किया जो धार्मिक भी था और ज्ञान देने वाला था साथ में लोगों को मनोरंजन भी प्रदान कर रहा था नाटक के साथ-साथ कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्य गायन से परिसर स्थल में समा बन गया लोग दोनों हाथ उठाकर परिसर को भगवान के जयकारों से गुंजायमान कर दिया और प्रतिवर्ष रामलीला आयोजन करवाए जाने की मांग की।कहा इससे मनोरंजन



होता है वह अलग बात है लेकिन रामलीला से लोगों को शिक्षा ज्ञान व संस्कार भी प्राप्त होते हैं जीवन में किस प्रकार से रहना है रामलीला में कलाकारों द्वारा अभिनय किया जाता है जिससे कुछ सीखने को मिलता है आज लोगों की भीड़ देखते ही बनी लोग बड़े भक्ति भाव से भगवान की आरती पूजा कर आशीर्वाद ग्रहण किया वह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

**सभी ने निभाई सहभागिता-** रामलीला के कार्यक्रम में क्षेत्र के राजनीतिक सामाजिक व्यापारिक एवं आमजन सभी लोगों ने पहुंचकर अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई जहां एक ओर भरपूर दर्शकों की मौजूदगी से लोगों का तांता लगा रहा एवं नगर वासियों द्वारा रामलीला मंडली के कलाकारों को नगद राशि व पुरस्कार देकर भी सहायता की गई रामलीला मंडली के कलाकार क्षेत्र में मिले अभूतपूर्व स्नेह और प्यार से वशीभूत हो गए और प्रतिवर्ष रामलीला करने का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा की कोठी में बृजेश गर्ग सोनू के विशेष प्रयास एवं नगर वासियों के सहयोग से यह रामलीला का कार्यक्रम बहुत ही अच्छे ढंग से संपन्न हुआ जिसमें सभी लोगों ने अनुशासन के साथ-साथ धार्मिक भावनाओं को भी बनाए रखा और हजारों की संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाया.

सतना से समाजसेवी किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पांडे अपने मित्र मंडली के साथ रामलीला स्थल पर पहुंचे पूर्व विधायक कल्पना वर्मा भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ रामलीला देखने के लिए पहुंची और सहायता प्रदान की, अरुण सिंह गहरवार अपने मित्र मंडल के साथ रामलीला स्थल पहुंचकर रामलीला देखी एवं सहायता प्रदान की, कोठी क्षेत्र के समाजसेवी डिंपू सिंह, आशीष सोनी, इंजीनियर आशीष तिवारी, कमलेश विश्वकर्मा, कसौधन धर्मशाला के रवि गुप्ता, मनोज गुप्ता, ज्ञानदीप हाई स्कूल के संचालक रामनाथ सोनी, हाजी मोहम्मद इकराम, प्रमोद अग्रवाल उमेश सिंह पप्पू,धीरेंद्र त्रिपाठी मामा सभी नगर वासियों एवं व्यापारी जनों ने विशेष रूप से सहायता प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया, बृजेश गर्ग सोनू एवं रामलीला मंडली के कलाकारों सहित महंत पवन दुबे ने सभी का धन्यवाद व्यापित करते हुए सभी का आभार प्रदर्शित किया.